# शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला– बालोद (छ. ग.)

## त्रैमासिक न्यूजलेटर

## अक्टूबर से दिसम्बर 2025

## ग्रंथालय विभाग

Volume 01 | Issue 02

प्रकाशन तिथिः 31.12.2025




मार्गदर्शकः– डॉ. यासर कुरैशी
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय खेरथा

संपादन एवं संयोजनः– श्री रणजीत कुमार
अतिथि ग्रंथपाल, ग्रंथालय विभाग
शासकीय महाविद्यालय खेरथा

निर्देशनः– श्री प्रदीप कुमार
सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, ग्रंथालय प्रभारी
शासकीय महाविद्यालय खेरथा

Visit us at:-

Websites:- https://www.govtcollegekhertha.in

Instagram:- https://www.instagram.com/govtcollegekhertha491771?utm_source=qr

## प्राचार्य संदेशः–

प्रिय विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों,

हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि शासकीय महाविद्यालय खेरथा का न्यूजलेटर – Volume 01, Issue 02 आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह अंक महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का समग्र प्रतिबिंब है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सकारात्मक वातावरण और आत्म–विकास के अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने भविष्य को सुदृढ़ रूप से आकार दे सकें।

इस अंक में महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, विद्यार्थियों की उपलब्धियों, फैकल्टी के प्रयासों तथा विभिन्न विभागीय गतिविधियों को समाहित किया गया है। ये सभी पहलें हमारे संस्थान की प्रगतिशील सोच और सतत विकास की दिशा में उठाए गए कदमों को दर्शाती हैं।

मैं संपादकीय टीम, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ, जिनके सहयोग और समर्पण से यह न्यूजलेटर सफलतापूर्वक तैयार हो पाया है। आशा है कि यह अंक आप सभी को प्रेरित करेगा और आने वाले समय में और भी रचनात्मक कार्यों के प्रति उत्साह उत्पन्न करेगा।

आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ।



धन्यवाद

डॉ यासर कुरैशी
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय खेरथा

## कॉलेज संदेशः–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की सहज और सुलभ सुविधा प्रदान करना है। सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना महाविद्यालय की प्राथमिकता रही है। स्थापना के प्रारंभिक चरण में सीमित सुविधाओं के बावजूद संस्थान ने शिक्षा, अनुशासन, सेवा और श्रेष्ठतम शैक्षणिक मूल्यों को अपनाया। समय के साथ यहाँ पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ, खेल सुविधाएँ और आधुनिक डिजिटल संसाधनो का विस्तार किया गया, ताकि विद्यार्थियों को समग्र विकास के अवसर मिल सकें। महाविद्यालय न केवल पारंपरिक शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि डिजिटल शिक्षण को भी बढ़ावा देता है। इसी दिशा में संस्थान NDLI Club के अंतर्गत प्रमाणित (Certified) है, जिससे विद्यार्थियों को एक ही मंच पर ई–पुस्तकें, शोध–पत्र, वीडियो लेक्चर तथा अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री का व्यापक लाभ मिलता है।



आज यह महाविद्यालय शिक्षा, नवाचार और डिजिटल संसाधनों के समन्वय का उत्कृष्ट केंद्र बन चुका है।

## न्यूजलेटर संदेशः–

प्रिय पाठकगण,

हमें खुशी है कि आप न्यूजलेटर के दूसरे अंक (अक्टूबर से दिसंबर 2025) के साथ हमारे साथ हैं। इस अंक में हमने खेलकूद, शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की झलक प्रस्तुत की है। हमारा उद्देश्य पाठकों को नवीनतम घटनाओं और प्रेरक गतिविधियों से अवगत कराना है।

हम आशा करते हैं कि यह अंक आपके लिए जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक साबित होगा।



श्री प्रदीप कुमार (सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र)
ग्रंथालय प्रभारी



श्री रणजीत कुमार
संपादक एवं अतिथि ग्रंथपाल

अक्टूबर 2025

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्येक्रम का रिपोर्टः—

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर, दिनांक 03.10.2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा डॉ. यासर कुरैशी के मार्गदर्शन में एक विचार—गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एन. एस. एस. प्रभारी श्री रूम लाल, डॉ. राम कुमारी, श्री कोमल राम रावटे तथा महाविद्यालय के अनेक छात्र—छात्राएँ उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्री रूम लाल ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन केवल जयंती नहीं, बल्कि दो महान विभूतियों—महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री—के आदर्शों को स्मरण करने का अवसर है। गांधीजी ने सत्य, अहिंसा, स्वराज और सत्याग्रह के मार्ग पर चलते हुए विश्व को दिखाया कि नैतिक शक्ति किसी भी सत्ता से बड़ी होती है।

इसके पश्चात डॉ. राम कुमारी ने शास्त्री जी के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक थे। उनका प्रसिद्ध नारा "जय जवान, जय किसान" आज भी देश के विकास का मूल मंत्र है।

अंत में श्री कोमल राम रावटे ने कहा कि हमें इन दोनों महापुरुषों के आदर्शों सत्य, अहिंसा, परिश्रम और देशहित— को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। यह ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## सतत् आंतरिक मूल्यांकन का रिपोर्टः—

शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला बालोद में NEP के अनुसार स्नातक एवं एम.ए. (राजनीति विज्ञान) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों का सतत् आंतरिक मूल्यांकन (प्रथम टेस्ट) दिनांक 06.10.2025 प्रातः 11:00 बजे आयोजित किया गया। इसमें बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. एवं एम.ए. के संबंधित DSC, GE और DSE विषयों की परीक्षा हुई।



## World Animal Day कार्यक्रम का रिपोर्टः—

दिनांक 04.10.2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में World Animal Day पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पशुओं के प्रति संवेदना, देखभाल और संरक्षण की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम में छात्र—छात्राएँ, एवं शिक्षक उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन और प्रस्तुति प्रतियोगिताओं के माध्यम से पशुओं के अधिकार और संरक्षण पर विचार साझा किए।

अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे पशुओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा में सक्रिय योगदान देंगे। यह आयोजन विद्यार्थियों में प्रकृति और जीव—जंतुओं के प्रति प्रेम बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास रहा।



## विषय आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का रिपोर्टः—

दिनांक 15.10.2025 दिन बुधवार को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में डॉ. यासर कुरैशी के मार्गदर्शन पर राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से विषय आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे लोकप्रशासन,भारतीय शासन एवं राजनीति से सम्भित प्रश्नोत्तरी था इस प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष तथा ,एम.ए. प्रथम/तृतीय सेमेस्टर के छात्र— छात्राए ने भाग लिया मुख्य

उदेश्यः— ज्ञान का मूल्यांकन ,सिखाने की प्रक्रिया बनाना, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मदद करता है ,इस उद्देश्य को ले कर विषय आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



नवम्बर 2025


## हेल्थ एवं हाइजीन कार्यक्रम का रिपोर्ट :–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला बालोद (छ.ग.) में प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के मार्गदर्शन में 10.10.2025 को महिला समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा हेल्थ एवं हाइजीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ऑनलाइन सत्र की मुख्य वक्ता सुश्री चित्रा जलाल (हेल्थ केयर एडवाइजर) रहीं, जिन्होंने छात्राओं को माहवारी के दौरान होने वाले व्यवहारिक बदलाव तथा प्रजनन तंत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने प्रश्न पूछे जिनका समाधान विशेषज्ञ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री गायत्री नेताम, श्रीमती विनीता गजभिये, डॉ. रामकुमारी, सुश्री संगीता चंद्राकर एवं सुश्री नम्रता कटझरे ने किया। ग्लोबल हेल्थ फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस सत्र में 100 से अधिक छात्राएँ एवं महिला शिक्षिकाएँ लाभान्वित हुईं।



## वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ – लाइव प्रसारण हेतु रिपोर्टः–

महाविद्यालय में दिनांक 07.11.2025 को वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए उद्बोधन का लाइव प्रसारण महाविद्यालय सभागार में दिखाया गया, जिसे देखने हेतु बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई, जिसके बाद सभी ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व, स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका तथा आधुनिक भारत के निर्माण में युवाओं की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। उपस्थित विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्रभक्ति तथा सांस्कृतिक चेतना को और मजबूत करते हैं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





## राष्ट्रीय एकता दिवस – एकता शपथ कार्यक्रम का रिपोर्टः–

महाविद्यालय में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में "एकता शपथ कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण में अद्वितीय योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत बनाना चाहिए। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय एकता शपथ ली और देश की एकता, सद्भाव एवं सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा विद्यार्थियों में देशभक्ति और सामाजिक एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करने में अत्यंत प्रभावी रहा।



## मादक पदार्थ उन्मूलन कार्यक्रम – भाषण कार्यक्रम रिपोर्ट :–

आज दिनांक 13.11.2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में मादक पदार्थ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में बढ़ते नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्राध्यापक श्री प्रदीप कुमार के द्वारा किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, युवाओं पर उनके प्रभाव तथा नशा–मुक्त समाज के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका विषय पर प्रभावी भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम अधिकारी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम राष्ट्रहित एवं सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### मादक पदार्थ उन्मूलन कार्यक्रम – प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रिपोर्टः–

दिनांक 15 नवम्बर 2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में "मादक पदार्थ उन्मूलन कार्यक्रम" के अंतर्गत एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से संबंधित ज्ञान का विस्तार करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी के प्रश्न नशे के प्रकार, उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव, नशामुक्ति के उपाय, सामाजिक दुष्प्रभाव तथा सरकारी नीतियों से संबंध रखते थे। प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विषय के प्रति अपनी समझ और जागरूकता प्रदर्शित की।

कार्यक्रम अधिकारी श्री रुम लाल भूआर्य ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नशा उन्मूलन की दिशा में जागरूक युवा ही समाज को सही मार्ग दिखा सकते हैं। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायी बताया।




### जनजाति गौरव दिवस – बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम रिपोर्टः–

शासकीय महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर दिनांक 15.11.2025 को धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। सहायक प्राध्यापक श्री प्रदीप कुमार ने उनके जीवन, संघर्ष और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में छात्रों को बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, त्याग और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने युवाओं से उनके विचारों को अपनाकर समाज में समानता, शिक्षा और जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भाषणों के माध्यम से बिरसा मुंडा के विचारों को जीवंत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज की गौरवशाली विरासत को सम्मान देना और छात्रों में सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं सभी ने इसे प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक बताया।



### राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के अवसर पर पुस्तक प्रदर्शनीः–

दिनांक 14.11.2025 को राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय खेरथा में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि जागृत करना तथा पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करना था। प्राचार्य ने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं और जीवन को सही दिशा प्रदान करती हैं। पुस्तक प्रदर्शनी में साहित्य, विज्ञान, इतिहास, भूगोल, प्रतियोगी परीक्षाओं, आत्मकथाओं एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित अनेक पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में पुस्तकालय प्रभारी द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। यह पुस्तक प्रदर्शनी अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रही।



### वाणिज्य विभाग द्वारा अंकेक्षण दिवस कार्यक्रम का रिपोर्टः–

दिनांक 17.11.2025 को वाणिज्य विभाग द्वारा अंकेक्षण दिवस का आयोजन शासकीय महाविद्यालय खेरथा में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को लेखांकन के महत्व तथा उसके व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना था। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष सुश्री गायत्री नेताम, अतिथि सहायक प्राध्यापक श्री पारस कुमार एवं अतिथि ग्रंथपाल श्री रणजीत कुमार ने लेखांकन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह किसी भी व्यवसाय की आर्थिक स्थिति को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों को लेखा क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने इस आयोजन को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

अंत में विभागाध्यक्ष सुश्री गायत्री नेताम द्वारा कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। अंकेक्षण दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### द्वितीय आंतरिक परीक्षा रिपोर्टः–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा में सत्र 2025–26 की द्वितीय आंतरिक परीक्षा दिनांक 18 नवंबर 2025 से 22 नवंबर 2025 के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा सभी विषयों के लिए निर्धारित समय–सारणी के अनुसार शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने परीक्षा में गंभीरता से भाग लिया तथा समस्त व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित हुई।



### वाणिज्य विभाग द्वारा उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम का रिपोर्ट :–

दिनांक 19.11.2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा के वाणिज्य विभाग द्वारा उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वरोजगार की भावना विकसित करना तथा उन्हें उद्यमिता से संबंधित आवश्यक कौशलों की जानकारी देना था। सर्वप्रथम सुश्री गायत्री नेताम ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात श्री पारस, श्री रणजीत कुमार एवं श्रीमती शिल्पा देवांगन उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने विचार साझा कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया तथा उन्होंने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। अंत में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



### मार्गदर्शन शिविर का आयोजन का रिपोर्टः–


शासकीय महाविद्यालय खेरथा में दिनांक 25.11.2025 को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र बालोद के सहयोग से भारतीय वायुसेना, भोपाल (मध्य प्रदेश) के अधिकारियों द्वारा एक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में करियर, चयन प्रक्रिया, सेवा जीवन, तथा कैरियर उन्नति के अवसरों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को वायुसेना में उपलब्ध रोजगार एवं सेवा अवसरों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें चयन हेतु आवश्यक तैयारी से अवगत कराना था। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की और अधिकारियों से विभिन्न प्रश्न पूछे।





### NDLI Club एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा Global Event : “Story as Method” का आयोजन का रिपोर्ट:-

दिनांक 28.11.2025 को NDLI Club एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी के मार्गदर्शन से Global Event : “Story as Method” का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूट्यूब के माध्यम से हुआ जिसमें प्रतिभागी NDLI Club लॉगिन होकर कार्यक्रम में भाग लिए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कहानी के माध्यम से सीखने की पद्धति को समझाना तथा रचनात्मक सोच को विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा यह बताया गया कि किस प्रकार कहानियाँ ज्ञान, अनुभव एवं मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का माध्यम बनती हैं। विद्यार्थियों ने इस विषय में गहरी रुचि दिखाई और सक्रिय सहभागिता की। इस आयोजन से विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति क्षमता एवं सीखने की रुचि में वृद्धि हुई। कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। अंत में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



## दिसम्बर 2025

### विश्व एड्स दिवस पर रेड रिबन क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का रिपोर्टः–

दिनांक 01.12.2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा के रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम जनता में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके नियंत्रण के महत्व को समझाना था। इस वर्ष की एड्स थीम थी : "व्यवधान पर विजय, एड्स प्रत्युत्तर में सुधार"। इस थीम के अंतर्गत, छात्र–छात्राओं ने एड्स का प्रतीक चिन्ह बनाकर मानव श्रृंखला बनाई और एड्स जागरूकता के नारे लगाकर संदेश फैलाया। महाविद्यालय की छात्र–छात्राओं ने जागरूकता रैली में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावशाली बनाया। इस आयोजन से सभी प्रतिभागियों में एड्स के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ी।





### कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम के आयोजन का रिपोर्टः—

शासकीय महाविद्यालय खेरथा में दिनांक 02.12.2025 को प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में महिला आंतरिक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास अधिकारों की समझ सुरक्षा के प्रति सतर्कता एवं समाज में सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा देना था। समस्त महिला स्टॉफ व छात्राओं में जागरूकता हेतु POSH अधिनियम से संबंधित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसमें महिलाओं के कार्यस्थल में सुरक्षा, लैगिंक समानता , आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक चुनौतियों से निपटने के विषयों पर जानकारी प्रदान की गई । कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम के अंतर्गत महाविद्यालय में कैम्पस एंबेसेडर की नियुक्ति की गई। इसके बाद समस्त महिला स्टॉफ एवं छात्राओं ने लैगिंक संवेदनशीलता हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सुश्री गायत्री नेताम, श्रीमती देवप्रभा साहू, श्रीमती विनीता गजभिये, डॉ रामकुमारी, सुश्री नम्रता कटझरे एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।



### एन एस एस का सात दिवसीय शिविर कार्यक्रम का रिपोर्ट :—

दिनांक 02.12.2025 से 08.12.2025 तक शासकीय महाविद्यालय खेरथा के एन एस एस इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम नहांदा में किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, सेवा भाव एवं सामुदायिक विकास की भावना विकसित करना था।शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने ग्रामीण जीवन, उनकी समस्याओं और स्थानीय विकास की योजनाओं को समझने का अवसर भी प्राप्त किया।इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक सहयोग की भावना बढ़ी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।







भिलाई-रायपुर, सोमवार, 8 दिसंबर, 2025| 14

**बौद्धिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों ने अनुशासन पर विशेष जोर दिया**

### एड्स जागरूकता कार्यक्रम में स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन का रिपोर्टः—

दिनांक 06.12.2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें रचनात्मक रूप से इस विषय पर सोचने के लिए प्रेरित करना था।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एड्स से बचाव, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से संबंधित विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक संदेश फैलाने और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।





### लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का रिपोर्टः—

आज दिनांक 08.12.2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में महिला आंतरिक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ द्वारा लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सुरक्षा उपायों से अवगत कराना और समानता एवं सम्मान की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और जागरूकता संदेशों को समझा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।





### सेक्टर स्तर क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिभागः—

दिनांक 09.12.2025 को शासकीय शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सेक्टर स्तर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खेलकूद के माध्यम से टीम भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। शासकीय महाविद्यालय खेरथाकी टीम ने इस टूर्नामेंट में सक्रिय भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक खेल भावना का परिचय दिया।



**विश्व बंदर दिवस कार्यक्रम का रिपोर्टः–**

दिनांक 14 दिसंबर को विश्व बंदर दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय खेरथा में जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विश्व बंदर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में बंदरों एवं अन्य वन्य जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम की शुरुआत संबोधन के साथ की गई, जिसमें वक्ता ने बंदरों को पर्यावरण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला।



**श्री सुमंत कुमार (बी.एस.सी प्रथम सेमेस्टर) द्वारा विचारः–**

सम्मानित शिक्षकगण और मेरे प्यारे मित्रों,
सभी को मेरा नमस्कार।
आज हम यहाँ विश्व बंदर दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं।
यह दिवस हर साल 14 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बंदरों के बारे में जागरूकता फैलाना और उनके संरक्षण का संदेश देना है।
बंदर हमारे पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे बीज फैलाने में मदद करते हैं, जिससे जंगलों का विकास होता है। बंदर बहुत बुद्धिमान, चंचल और सामाजिक प्राणी होते हैं। वे हमें मिल–जुलकर रहना सिखाते हैं। आज के समय में जंगलों की कटाई और प्रदूषण के कारण बंदरों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है। इसलिए हमें वन्य जीवों की रक्षा करनी चाहिए और उनके रहने की जगह को सुरक्षित रखना चाहिए।
धन्यवाद।
जय हिंद।

**खेलकूद विभाग द्वारा आत्मरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमः–**

खेलकूद विभाग के अंतर्गत लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दिनांक 16.12.2025 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में एक दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को आत्मरक्षा की तकनीकों से परिचित कराना था। प्रशिक्षण सत्र में लाठी खेल की बुनियादी तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।





**वीर बाल दिवस कार्यक्रम का रिपोर्टः–**

शासकीय महाविद्यालय खेरथा में दिनांक 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों–साहिबजादा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा फतेह सिंह जी–के साहस और बलिदान को स्मरण करना था। कार्यक्रम की शुरुआत माल्यार्पण के साथ की गई। इसके पश्चात सहायक प्राध्यापक श्री रूम लाल ने वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सत्य, साहस और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों द्वारा भाषण एवं कविता पाठ प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।





**खेल प्रतियोगिता आयोजन रिपोर्टः–**

दिनांक 22 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक शासकीय महाविद्यालय खेरथा में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता एवं अनुशासन का विकास करना था। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री हरिश कटझरे द्वारा किया गया। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, दौड़, लंबी कूद एवं अन्य एथलेटिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं के दौरान अनुशासन एवं खेल भावना का विशेष ध्यान रखा गया। निर्णायकों एवं खेल शिक्षकों द्वारा प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष संचालन किया गया। अंतिम दिन समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इस आयोजन से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास हुआ। महाविद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सराहना की।









